विश्व आर्थिक फोरम-2024 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल सार्थक संवाद करेगा

डब्लूईएफ दावोस में प्रदर्शित किए जाएंगे उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसर

लखनऊ, जनवरी 14, 2024: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने दावोस, स्विटजरलैंड में आयोजित हो रहे विश्व आर्थिक फोरम में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के बीच राज्य की प्राभावी ब्रांडिंग करने का फैसला किया है। विश्व आर्थिक फोरम (डब्लूईएफ) 2024 में **श्री मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व कृषि उत्पादन आयुक्त** उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल प्रतिभाग कर रहा है। जनवरी 14 से 19, 2024 तक चलने वाले इस छह दिन के कार्यक्रम में वैश्विक व्यापार जगत के प्रतिनिधियों व उद्योग क्षेत्र के दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा का मंच मिलेगा। इस विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल में श्री अमित सिंह जी (सचिव, मा. मुख्यमंत्री), श्री शशांक त्रिपाठी जी (विशेष सचिव मा. मुख्यमंत्री), श्री अनुपम शुक्ला जी (विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार एवं निदेशक यूपीनेडा) व अन्य शामिल हैं।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भागीदारी पर भरोसा व्यक्त करते हुए कहा, "उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता और निवेश के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। हम उद्योगपतियों एवं निवेशकों के समक्ष उत्तर प्रदेश में उपलब्ध संभावनाओं का प्रदर्शन करने तथा उनके साथ सार्थक विचार-विमर्श करने में विश्वास रखते हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम वैश्विक उद्योगों के साथ सहयोग और समर्थन स्थापित करने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है, जिससे परस्पर विकास संभव है।"

विश्व आर्थिक फोरम, जो कि गंभीर वैश्विक मुद्दों पर संवाद के लिए जाना जाता है, निजी व सार्वजिनक क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए एक केंद्रबिंदु बन चुका है। इस वर्ष स्विटजरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में हो रही फोरम की बैठक नेताओं, विचारकों व नीति निर्माताओं द्वारा विश्व के समावेशी व उज्जवल भविष्य को आकार देने हेतु संवाद किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल की नेतृत्व कर रहे **अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व कृषि उत्पादन आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह** इस सम्मानित मंच पर उपस्थिति का उपयोग उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए करेंगे। आर्थिक विकास पर खास ध्यान के साथ प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे **नेस्ले, एबी इन्वी, कैपजेमिनी, पेप्सीको, कोकाकोला, यूनीलीवर व माइक्रोसाफ्ट** के सीईओ, सीएक्सओ और सीएफओ के साथ

संवाद करेगा। इन चर्चाओं का प्राथमिक उद्देश्य संभावित निवेश पर विचारऔर इन वैश्विक बड़े उद्यमों को उत्तर प्रदेश को अपना पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रेरित करना होगा।

निवेशकों से सुविधाजनक चर्चाओं के लिए, उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने प्रोमेनेड 49 में एक अत्याधुनिक पवेलियन बनाया है। यह पवेलियन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने उत्तर प्रदेश के बिजनेस इकोसिस्टम तथा उसकी बहुमुखी संभावनाओं का प्रदर्शन करेगा और उनको उत्तर प्रदेश में निवेश की महत्ता बताएगा।

उत्तर प्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, कुशल कार्यबल तथा उद्योगपरक नीतियों के साथ एक आदर्श निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। राज्य एक उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्र का दावा करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में फल-फूल रहा है। इसके इतर, उत्तर प्रदेश में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध पर्यटन स्थलों की मौजूदगी भी है, जो इसे आर्थिक समृद्धि और सांस्कृतिक संवर्धन को महत्ता देने वाले वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है।

वर्तमान में जब उत्तर प्रदेश स्वयं को एक उत्कृष्ट निवेश के गंतव्य के रूप में स्थापित करने की ओर अग्रसर है, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2024 में भागीदारी से उत्तर प्रदेश ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अपनी अनूठी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।